आवश्यक
नगरपालिका उप चुनाव, 2023

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या -न.नि.50-36/2023- 16

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा,
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी-सह-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
पटना, कैमूर, नालन्दा, गया, सारण, वैशाली, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, दरभंगा, मधेपुरा एवं अररिया।

पटना, दिनांक - 3.1.24

विषय : नगरपालिका उप-निर्वाचन 2023 : बज्रगृह एवं मतगणना केन्द्र की स्थापना संबंधी प्रस्ताव पर अनुमोदन प्राप्त करने के संबंध में।

प्रसंग : आयोग का पत्रांक 3627 दिनांक 06.09.2022 एवं पत्रांक 4256 दिनांक 15.12.2023

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि आयोग के प्रासंगिक पत्रांक 3627 दिनांक 06.09.2022 द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचन, 2022 के निमित्त बज्रगृह एवं मतगणना केन्द्र की स्थापना के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये थे। सुलभ सन्दर्भ हेतु संबंधित पत्र संलग्न किये गये हैं।

आयोग के प्रासंगिक पत्रांक 4256 दिनांक 15.12.2023 द्वारा नगरपालिका उप निर्वाचन, 2023 सम्पन्न कराये जाने का निर्देश है, जिसकी कंडिका 3 में नगरपालिका आम निर्वाचन, 2022 की भाँति संबंधित निर्वाची पदाधिकारी द्वारा मतगणना जिला मुख्यालय में सम्पन्न कराया जायेगा संबंधी निर्देश दिये गये है।

उक्त पत्र के क्रम में आयोग द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निदेश दिया गया है कि –

1. आयोग के प्रासंगिक **पत्रांक 3627 दिनांक 06.09.2022** के आलोक में बज्रगृह एवं मतगणना केन्द्र स्थापित की जायेगी।

2. निर्वाची पदाधिकारी द्वारा मतगणना **संबंधित अनुमंडल स्तर पर** मतगणना सम्पन्न की जायेगी।

3. **पूर्व की भाँति वज्रगृह/मतगणना केन्द्र** परिसर में आवश्यक व्यवस्था यथा- **सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, विद्युतीकरण एवं इंटरनेट नेटवर्क कनेक्टिवीटी सुनिश्चित की जाय।**

4. जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) स्वयं स्थिति का आकलन कर बज्रगह एवं मतगणना केन्द्र स्थल निर्धारण संबंधी प्रस्ताव एवं वज्रगृह तथा मतगणना केन्द्र योजना संबंधी नक्शा **दिनांक 08.01.2024 तक संलग्न प्रपत्र (अनुलग्नक-ग)** में भेजते हुये आयोग का अनुमोदन प्राप्त कर ली जाय।

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna - 800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612 - 2507847 E-mail : secbihar@gmailcom

अनुरोध है कि तदनुसार कार्रवाई की जाय एवं तत्संबंधी निदेश से संबंधित निर्वाची पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी तथा सभी संबंधित को अवगत कराना सुनिश्चित की जाय।

अनुलग्क : यथोक्त।

विश्वासभाजन,

03/01/24

सचिव।

ज्ञापांक – न.नि. 50-36/2023 - 16 पटना, दिनांक - 3.1.24

प्रतिलिपि आई.टी. मैनेजर को आयोग के वेबसाईट पर पत्र अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

03/01/24

सचिव।

ज्ञापांक – न.नि. 50-36/2023 - 16 पटना, दिनांक - 3.1.24

प्रतिलिपि प्रमंडलीय आयुक्त, **पटना, मगध (गया), सारण, तिरहुत (मुजफ्फरपुर), दरभंगा, कोशी (सहरसा) एवं पूर्णियाँ** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03/01/24

सचिव।

ज्ञापांक -न.नि. 50-36/2023 - 16 पटना, दिनांक - 3.1.24

प्रतिलिपि प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03/01/24

सचिव।